पंजाब केसरी 10/02/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में ट्रैफिक रूल्स एंड रैगुलेशन विषय पर हुआ व्याख्यान

अम्बाला, 9 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में सोमवार को रोड सेफ्टी क्लब और एन.एस.एस. यूनिट्स के संयुक्त तत्वावधान में ट्रैफिक रूल्स एंड रैगुलेशन विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस के ए.एस.आई. मान सिंह ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। ए.एस.आई. मान सिंह ने हैल्मेट, सीट बैल्ट, गति सीमा, नशे में वाहन न चलाने तथा मोबाइल के प्रयोग से बचने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विशेष जोर दिया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई।

ट्रैफिक रूल्स एंड रैगुलेशन विषय पर व्याख्यान देने पहुंचे पुलिस अधिकारी का स्वागत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थियों को न केवल स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को मजबूत करते हैं।

वहीं, रोड सेफ्टी क्लब के कन्वीनर/को-ऑर्डिनेटर डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. राजेश सैनी और डॉ. सरोज बाला ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज की महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। विद्यार्थियों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की मांग है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को जिम्मेदार, सतर्क और अनुशासित नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।